Media Scanning & Verification Cell

Government of India

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7558	19.07.2023	19.07.2023	Chandauli Uttar Pradesh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/chandauli/diarrhea-spread-in-gahila-village-more-than-20-sick-chandauli-news-c-20-1-298034-2023-07-19
Title:	**More than 20 fell sick with diarrhoea in Gahila village in Chandauli, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Chandauli, SSU- Uttar Pradesh			

बिहार और सोनभद्र के सरहद पर स्थित क्षेत्र के गहिला गांव में तीन दिन से डायरिया का प्रकोप है। गांव में 20 से ज्यादा लोग उल्टी-दस्त की बीमारी से पीड़ित हैं। उनमें से पांच लोगों की हालत बिगड़ने पर सोमवार की रात सोनभद्र जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मंगलवार को गांव पहंची चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का उपचार शुरू किया। वहीं इसी गांव के सुदामा (70) की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेज दिया। गहिला गांव में गलियों व नालियों में गंदगी के चलते तीन दिन पहले डायरिया ने दस्तक दी। बीमारी की जद में गांव के दूधनाथ (55) के तो पूरे परिवार की हालत नाजुक बनी हुई है। उसकी पत्नी रामावती (45), शिखा (7), सुनैना (10), सुनील (18), गोलू (15), शिवम (04), सरिता (06), पुष्पा (17), प्रियंका (12), सुदामा (50), रीता (35) खुशबू (12), आदित्य (08), तारा (32), सुभाषी (32), रीता (35), राम स्वराज (25) सहित कई लोग बीमार है।

ग्रामीणों ने बताया कि सफाई ना होने से नालियों से हमेशा दुर्गंध आती रहती है। प्रधान प्रतिनिधि अजय यादव की सूचना पर सीएचसी के अधीक्षक चिकित्सकों की टीम गांव पहुंची। नालियों व कुंए में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया। लोगों को जिंक की गोलियां और ओआरएस के पैकेट दिए। बस्ती के लोगों को बासी भोजन न करने व घरों को साफ रखने को कहा गया। चिकित्सकों की टीम में डॉ.गंगाराम भारती, डॉ दिनेश कन्नौजिया, एएनएम नीतू आशा व आंगनबाड़ी शामिल रहीं।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC